कार्यालय नियंत्रक प्राधिकारी

(महानिदेशक,गृह रक्षा, राजस्थान,जयपुर)

जलेब चौक,जयपुर।
ई–मेल : psa.hgcd.rj@nic.in फोन नम्बर 0141–2612593
Website: http:// home.rajasthan. gov.in/homeguards

क्रमांकः–प.37(2195)गृरमु/पीएसएएल/2020/13792-95 दिनाकः–08 DEC 2020

कार्यालय आदेश

मैसर्स टॉप मेनपावर मेनेजमेन्ट सर्विसेज प्रा0लि0 लाईसेन्स संख्या 766/CD&HG HQ (Security & Trg.)/2014 दिनांक 25.02.2014 वैद्यता दिनांक 24.02.2024 (निजी सुरक्षा अभिकरण) का इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 5416 दिनांक 22.04.2020 द्वारा प्राईवेट सुरक्षा अभिकरण (विनियमन) अधिनियम 2005 की धारा 16 के तहत वर्ष 2020–21 का वार्षिक निरीक्षण करवाने पर उक्त निजी सुरक्षा अभिकरण द्वारा पसारा अधिनियम 2005 की धारा 09, 10, 12, 15 व 17 एवं राजस्थान प्राईवेट सुरक्षा एजेन्सी (विनियमन) नियम 2006 के नियम 06(5), 07, 08(3), 09(3), 10, 15, 16 एवं 17 की पालना नहीं करने व प्रावधानों का उल्लघंन करने के कारण उक्त लाईसेन्स को पसारा एक्ट 2005 की धारा 13(2) के तहत इस कार्यालय के आदेश क्रमांक 8190–93 दिनांक 28.07.2020 द्वारा एक माह के लिये निलम्बित किया जाकर अनुज्ञाधारक श्री रमेश कुमार माली को इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 8194–95 दिनांक 28.07.2020 के द्वारा कारण पृच्छा नोटिस जारी किया गया। अनुज्ञाधारक द्वारा नोटिस का जवाब प्रस्तुत नहीं करने पर इस कार्यालय के आदेश क्रमांक 10265–67 दिनांक 28.09.2020 द्वारा लाईसेन्स निलम्बन के प्रश्न के अवधारित होने तक उक्त लाईसेन्स का निलम्बन बढाया गया। अनुज्ञाधारक द्वारा दिनांक 13.10.2020 को नोटिस का जवाब प्रस्तुत किया गया। अनुज्ञाधारक द्वारा प्रस्तुत नोटिस का जवाब नियंत्रक प्राधिकारी द्वारा तर्कसंगत व संतोषप्रद नहीं पाये जाने पर इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 12434–35 दिनांक 06.11.2020 द्वारा अनुज्ञाधारक को कारण पृच्छा नोटिस की ठोस पालना रिपोर्ट 15 दिवस में प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया। इस पत्र की पालना में अनुज्ञाधारक द्वारा पालना रिपोर्ट दिनांक 12.11.2020 को इस कार्यालय में प्रस्तुत की गई। जिसका अवलोकन करने पर पाया गया कि उक्त अभिकरण द्वारा निरीक्षण के समय पाई गई अधिकतर अनियमितताओं को दूर कर दिया गया है व प्रस्तुत पालना रिपोर्ट के अनुसार वर्तमान में उक्त अभिकरण द्वारा प्राईवेट सुरक्षा अभिकरण (विनियमन) अधिनियम 2005 व राजस्थान प्राईवेट सिक्यूरिटी एजेन्सी (विनियमन) नियम 2006 के प्रावधानों/नियमों की पालना किये जाने पर उक्त अभिकरण के लाईसेन्स 766/CD&HG HQ (Security & Trg.)/2014 दिनांक 25.02.2014 वैद्यता दिनांक 24.02.2024 (निजी सुरक्षा अभिकरण) को पुनः बहाल किया जाता है।

(यू.आर. साहू IPS)
नियंत्रक प्राधिकारी
(महानिदेशक, गृह रक्षा, राजस्थान)
जयपुर

प्रतिलिपिः–सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः–

1. श्री रमेश कुमार माली पुत्र श्री महेन्द्र कुमार माली निवासी नियर मीणाज वैल, वार्ड नं–16, सरदार शहर, जिला–चूरू, राजस्थान कार्यालय पता शॉप नं. एफ.एफ–55, प्रथम तल, जयपुर टेक्सटाईल मार्केट, प्लॉट नं. बी–02, नियर मॉडल टॉउन, मालवीय नगर, जयपुर।
2. प्रभारी, कम्प्यूटर शाखा, कार्यालय हाजा को विभागीय वैबसाईट पर सूचना अपलोड करने बाबत।

(यू.आर. साहू IPS)
नियंत्रक प्राधिकारी
(महानिदेशक, गृह रक्षा, राजस्थान)
जयपुर